भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2826
(10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

ग्रामीण सड़क परियोजनाएं

2826. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्नाटक के उडुपी और चिकमंगलूर जिलों में कई ग्रामीण सड़क परियोजनाओं की सिफारिश की गई है लेकिन अब तक किसी को भी मंजूरी नहीं दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र, चिकमंगलूर जिले में ग्राम सड़कों की स्वीकृति और निर्माण के लिए कोई कार्रवाई की है;
(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान चिकमंगलूर जिले में निर्माण के लिए कितने किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की स्वीकृति दी गई है; और
(घ) क्या वर्ष 2025 के दौरान भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए चिकमंगलूर और उडुपी जिलों के लिए अतिरिक्त सड़कों को मंजूरी दी जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) एवं (ख) "ग्रामीण सड़क" राज्य का विषय है, और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) वर्ष 2000 से भारत सरकार द्वारा एक विशेष एकबारगी पहल के रूप में कार्यान्वित की जा रही है, जिसका उद्देश्य कार्यक्रम दिशा-निर्देशों में निर्धारित जनसंख्या के अनुसार पात्र संपर्कता रहित बसावटों को एकल बारहमासी सड़क द्वारा ग्रामीण संपर्कता प्रदान करना है।

पीएमजीएसवाई के विभिन्न घटकों के अंतर्गत, आरंभ से अब तक कर्नाटक राज्य को कुल 24,264 किमी सड़क लंबाई की 4,455 सड़कों तथा 164 लंबे स्पैन वालें पुलों (एलएसबी) की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें से राज्य ने 23,987 किमी लंबाई की 4,398 सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया है। पीएमजीएसवाई-I कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा मार्च 2025 थी। पीएमजीएसवाई-II एवं पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्य पूरे कर लिए गए हैं तथा स्वीकृत कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा मार्च 2026 है।

उडुपी एवं चिक्कमगलूरु जिलों में पीएमजीएसवाई के विभिन्न घटकों के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

जिला	स्वीकृत			पूर्ण		
	सड़क कार्यों की संख्या	सड़क लंबाई (किमी में)	पुल	सड़क कार्यों की संख्या	सड़क लंबाई (किमी में)	पुल
उडुपी	142	596	12	138	587	12
चिक्कमगलूरु	155	867	15	155	867	14

गृह मंत्रालय के वर्तमान वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के श्रेणीकरण के अनुसार, चिक्कमगलूरु जिला नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित नहीं है।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य के चिक्कमगलूरु जिले में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कोई ग्रामीण सड़क परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है। जिले का सड़क-वार विवरण http://pmgsy.dord.gov.in → Proposals → State-wise List of Roads पर उपलब्ध है।

(घ) मंत्रालय ने सितंबर 2024 में पीएमजीएसवाई-IV नामक एक नया घटक प्रारंभ किया है, जिसका उद्देश्य मार्च 2029 तक 25,000 संपर्कता रहित बसावटों को नई सड़क संपर्कता प्रदान करना है। वर्तमान में मंत्रालय पीएमजीएसवाई-IV के अंतर्गत ग्रामीण सड़क परियोजनाओं पर विचार कर रहा है, तथा कर्नाटक राज्य से अब तक पीएमजीएसवाई-IV के अंतर्गत कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 में उडुपी एवं चिक्कमगलूरु जिलों से पीएमजीएसवाई सड़कों को भारी वर्षा के कारण किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं मिली है।

*****